कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी जौनपुर।

पत्रांक C-1304 /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 13/11/25

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश सं0 1/1092245/2025/3313/58–1–2025(1917687) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद जौनपुर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहें हैं। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार/विकासखण्ड वार विवरण निम्नवत् है–:

क0सं0	परियोजना का नाम	आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण			
		UR	OBC	SC	TOTAL
1	2	3	4	5	6
1	डोभी	32	19	13	64
2	केराकत	18	17	17	52
3	मुफ्तीगंज	20	12	9	41
4	धर्मापुर	19	10	7	36
5	सिरकोनी	21	10	7	38
6	जलालपुर	38	18	12	68
7	करंजाकला	35	26	14	75
8	शाहगंज	32	16	15	63
9	सुईथाकला	35	14	8	57
10	खुटहन	30	18	14	62
11	बक्शा	23	12	12	47
12	बदलापुर	15	19	11	45
13	महराजगंज	30	17	10	57
14	सुजानगंज	31	16	9	56
15	मुँगराबादशाहपुर	26	15	11	52
16	मछलीशहर	49	27	14	90
17	सिकरारा	31	14	9	54
18	मड़ियाहूँ	19	12	16	47
19	रामपुर	31	21	13	65
20	रामनगर	25	11	13	49
21	बरसठी	31	20	22	73
22	नगर	26	4	10	40
	योग	**617**	**348**	**266**	**1231**

उपरोक्त पदों का आरक्षण व अर्हता का विस्तृत विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश–:

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।

DPO

2. आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होना अनिवार्य है।
3. आवेदिका को रिक्त पद के ग्रामसभा/वार्ड का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में आवेदिका को संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु 01.07.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 04.12.2025 के रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्य–दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नोटः– **पोर्टल पर आवेदन करते समय आवेदनकर्ता शासनादेश में वर्णित प्रावधानों के अनुक्रम में आवेदन पत्र अपलोड करें, किसी भी वाद की स्थिति में निर्णय चयन शासनादेश दिनांक 17.09.2025 में वर्णित प्रावधानों के अधीन होगा।**

(नरेन्द्र सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
जौनपुर।

पृष्ठांकन संख्या0 /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक

<u>प्रतिलिपिः–</u>**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
4. समस्त उप–जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद–जौनपुर।
6. जिला सूचना अधिकारी जौनपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि शासकीय अनुमोदित दरों पर तथा न्यूनतम स्पेस में उक्त विज्ञप्ति जनपद जौनपुर के प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र–अमर उजाला, जौनपुर एवं दैनिक जागरण, जौनपुर में प्रकाशित कराते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान की कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद जौनपुर को इस निर्देश के साथ कि वह उपरोक्त विज्ञप्ति तहसील, विकासखण्ड, सी0एच0सी0 तथा अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें तथा व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
जौनपुर।